दिनांक- 27.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 256/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कबरई में थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई कर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 27.06.2026 को “थाना समाधान दिवस” के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना कबरई पहुँचकर क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं की जनसुनवाई की गई। यह जनसुनवाई प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री संतोष कुमार सिंह एवं अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा सभी शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन दिया गया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का पारदर्शी, त्वरित एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित करना है।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी महोबा श्री कुंवर पंकज द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना अजनर में पहुंचकर जनसुनवाई की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे द्वारा थाना श्रीनगर में जनसुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच कर संयुक्त टीमों द्वारा मौके पर जाकर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई।





दिनांक- 27.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 257/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर थाना कबरई

## थाना कबरई पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में जनपद में अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्रों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

थाना कबरई में प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम, जिसमें उ0नि0 अनुज कुमार सिंह एवं का0 धर्मेन्द्र कुमार द्वारा दिनांक 27.06.2026 को गणेश नगर आवासीय प्लॉट के सामने बंद पड़ी क्रेशर, मुहल्ला झलकारी बाई नगर थाना कबरई जनपद महोबा से 01 नफर अभियुक्त संजय पुत्र मुल्लू चौहान, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी अम्बेडकर नगर थाना कबरई जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई पर मु0अ0सं0 141/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 अनुज कुमार सिंह, थाना कबरई जनपद महोबा

2.का0 धर्मेन्द्र कुमार, थाना कबरई जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

संजय पुत्र मुल्लू चौहान, निवासी अम्बेडकर नगर थाना कबरई जनपद महोबा

**बरामदगी-**

- 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर
- 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर

**अपराध का विवरण-**

- मु0अ0सं0 141/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना कबरई जनपद महोबा



दिनांक- 27.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 258/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर थाना खन्ना

## अवैध खनन प्रकरण में खन्ना पुलिस की कार्यवाही, 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष थाना खन्ना महोबा की देखरेख में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना खन्ना पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 27.06.2026 को उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराह उ0नि0 सुरेश कुमार सचान व रि0आ0 प्रदीप कुमार द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण 1. बबलू यादव पुत्र श्यामलाल यादव, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी ग्राम रत्ताखेड़ा मजरा कुरारीकला थाना अचलगंज जनपद उन्नाव तथा 2. चन्द्र प्रकाश यादव पुत्र रामआसरे यादव, उम्र करीब 50 वर्ष, निवासी जुराखन खेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव को सम्बन्धित मु0अ0सं0 59/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व 4/21 खान एवं खनिज विकास विनियमन अधिनियम के अंतर्गत मौदहा रोड स्थित पाल ढाबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. बबलू यादव पुत्र श्यामलाल यादव, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी ग्राम रत्ताखेड़ा मजरा कुरारीकला थाना अचलगंज जनपद उन्नाव
2. चन्द्र प्रकाश यादव पुत्र रामआसरे यादव, उम्र करीब 50 वर्ष, निवासी जुराखन खेड़ा थाना पुरवा जनपद उन्नाव

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह
2. उ0नि0 सुरेश कुमार सचान
3. रि0आ0 प्रदीप कुमार



दिनांक- 27.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 259/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना पनवाड़ी

## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार सिंह थाना पनवाड़ी जनपद महोबा के निर्देशन में गठित टीम द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

उक्त क्रम में दिनांक 27.06.2026 को उ0नि0 दिनेश कुमार यादव द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त राजू पुत्र वंशीधर अहिरवार, निवासी ग्राम बुडेरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को सम्बन्धित मु0नं0 21450/2023, मु0अ0सं0 250/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत ग्राम बुडेरा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

राजू पुत्र वंशीधर अहिरवार, निवासी ग्राम बुडेरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाले अधिकारी-**

1. उ0नि0 दिनेश कुमार यादव, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा



दिनांक- 27.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 260/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर थाना कबरई

## पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना कबरई का आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

- जनपद महोबा में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, अनुशासित एवं जनोन्मुखी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा थाना कबरई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।
- निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, उपनिरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, हवालात, भोजनालय, आवासीय बैरक एवं थाना परिसर का गहन निरीक्षण कर अभिलेखों, व्यवस्थाओं तथा साफ-सफाई का जायजा लिया।
- पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई को थाना परिसर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने, पुलिस कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत थाना परिसर में शीतल एवं स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त एवं सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अभिलेखों का नियमित अद्यतन, सीसीटीएनएस कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने एवं आमजन के साथ संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।
- इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री संतोष सिंह, पीआरओ श्री राहुल मिश्रा सहित अन्य सम्बंधित पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।










# महोबा पुलिस

दिनांक- 27.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 261/26

**अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना अजनर व क्षेत्राधिकारी कार्यालय कुलपहाड़ में अर्दली रूम कर विवेचनाओं की समीक्षा, थाना अजनर एवं थाना कुलपहाड़ क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 27.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार की उपस्थिति में थाना अजनर पर नियुक्त विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित किया गया।

अर्दली रूम के दौरान लंबित विवेचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों की गहन समीक्षा की गई तथा उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान मिशन शक्ति, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, बेहतर जनसुनवाई एवं बीट पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए।

तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी कार्यालय कुलपहाड़ में थाना कुलपहाड़ एवं थाना पनवाड़ी के विवेचकों का भी अर्दली रूम कर विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना अजनर एवं थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। गश्त के दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु संबंधित पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनपदीय पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।




